छात्र क्षमता के अनुसार करें लक्ष्य निर्धारित : ओंकार सिंह

- विमर्श 5.0 कार्यक्रम में यूटीयू के कुलपति ने विद्यार्थियों को बताई समय की महत्ता
- टीएचडीसी हाईड्रो पावर इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों से की चर्चा

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने विमर्श कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कैंपस टीएचडीसी हाईड्रो पावर इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी क्षमता व ताकत को पहचानना चाहिए और अपने लक्ष्य को उसी दिशा में निर्धारित करना चाहिए।

कुलपति ने विश्वविद्यालय स्तर पर संचालित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अर्न व्हाइल लर्न स्कीम की जानकारी दी। जिसके तहत विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ कमाई भी कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मदद मिल सकेगी। कुलपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि छात्र विभिन्न क्लबों के माध्यम से अपनी रुचि एवं कौशल के अनुसार अपने लक्ष्य निर्धारण करें। इसके बाद कुलपति ने संस्थान के शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से संवाद स्थापित किया, जिसमें उन्होंने संस्थान की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को सामूहिक प्रयास एवं सकारात्मक विचारधारा के साथ विद्यार्थियों एवं संस्थान के हित में कार्य करना चाहिए।

इस मौके पर संस्थान के सह कुलसचिव, डीन एकेडमिक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, ट्रेनिंग एवं प्रशिक्षण अधिकारी व समस्त विभागीय अध्यक्ष व कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्तराखंड की खबरें पढ़ें
www.jagran.com/state/uttarakhand